an>

Title: Need to put in place a mechanism to prevent man-animal conflict particularly in Keonjhar Parliamentary Constituency, Odisha.

श्रीमती सकुंतला लागुरी (क्योंझर) ः मैं सरकार का ध्यान उन क्षेत्रों की तरफ दिलाना चाहती हें जहां पर खनन एवं खनिज कार्य किये जा रहे हैं और इन कार्यों से जंगलों में रहने वाले जंगली जानवर आबादी वाले इलाकों में आ जाते हैं। कई जगहों पर जहां पर आदिवासी लोगों के गांव हैं वहां पर इन जानवरों ने आदिवासी लोगों पर आक्रमण भी किये हैं और खेती-बाड़ी को भी काफी बर्बाद किया है जिसके कारण गरीब आदिवासी की मेहनत पर पानी फिर जाता है। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा हाथी मेरे संसदीय क्षेतू क्योंझर में कई कारणों से मारे गये हैं और देश में हर साल 100 से ज्यादा लोग जंगली जानवरों एवं हाथियों के आक्रमणों से मारे जाते हैं। जो लोग इन जंगली जानवरों से मारे जाते हैं उनको समुचित एवं समय पर मुआवजा नहीं मिल पाता है। सरकार द्वारा वन्य जीवों की ऐसी अवस्था में संरक्षण हेतु किन-किन प्रावधानों को बनाया हुआ है और लागू किया गया है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वन्य जीवों को बचाने, इनके आक्रमण से लोगों की जान-माल की रक्षा करने हेतु प्रभावकारी प्रावधान बनाये जाये और उन्हें सख्ती से लागू भी किया जाये।